# सीमेंट फैक्ट्री के जीएम पर हमला, रंगदारी मांगी

▸ बदमाशों ने खुद को इलाके का डॉन बताकर की मारपीट




**नीमच। जिले के सगराना औद्योगिक क्षेत्र में एक निर्माणाधीन सीमेंट फैक्ट्री के तकनीकी महाप्रबंधक (जीएम) पर हमला किया गया है। हमलावरों ने खुद को इलाके का डॉन बताते हुए हर महीने दो लाख रुपये की रंगदारी मांगी। कैंट पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।**

यह घटना दो दिन पहले गोल्डक्रेस्ट सीमेंट फैक्ट्री परिसर में निर्माण कार्य के दौरान हुई थी। इसका सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है। सगराना निवासी महेंद्रसिंह सौंधिया और दलपतसिंह सौंधिया नामक दो व्यक्ति फैक्ट्री में घुस आए। उन्होंने गाली-गलौज की और भय का माहौल बनाया। जब फैक्ट्री के जीएम गगन तिवारी ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उन पर लोहे के पाइप से हमला कर दिया। इस हमले में जीएम के हाथ में चोटें आईं।

**बचाने आए गार्ड से भी मारपीट**- आरोपियों ने बीच-बचाव करने आए सुरक्षा गार्ड सुभाषचंद्र शर्मा के साथ भी मारपीट की और उनकी वर्दी फाड़ दी। उन्होंने धमकी दी कि जब तक उन्हें प्रति व्यक्ति एक लाख रुपये, यानी कुल दो लाख रुपये का मासिक भुगतान नहीं मिलेगा, तब तक वे फैक्ट्री का काम नहीं चलने देंगे। एक दिन पहले भी इन आरोपियों ने फैक्ट्री के मुख्य मार्ग पर गिट्टी डलवाकर रास्ता जाम कर दिया था, जिससे कंपनी को आर्थिक नुकसान हुआ था। उस समय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रास्ता बहाल कराया था।

> **सीसीटीवी फुटेज में दिखे बदमाश**
>
> ऑफिस के गेट में तोड़फोड़ और मारपीट की यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फरियादी गगन तिवारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी महेंद्रसिंह और दलपतसिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296 (इ), 126(2), 324(1), 119 (1) और 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल दोनों आरोपी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

# फोरलेन निर्माण से बालाजी मंदिर टूटने की आशंका

▸ भक्तों ने विधायक को ज्ञापन सौंपा, कहा- मंदिर की ओर हो रहे काम को तुरंत रोका जाए




**नीमच।** नीमच में भाटखेड़ा फंटे से डुंगलावदा तक बन रहे 106 करोड़ रुपए के फोरलेन सीसी रोड प्रोजेक्ट को लेकर विवाद शुरू हो गया है। मऊ रोड पर स्थित करीब 200 साल पुराने प्राचीन माधोपुरा बालाजी मंदिर पर इस निर्माण के कारण खतरा मंडरा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान मंदिर का 10 से 15 फीट हिस्सा इसकी जद में आ सकता है।

**मंदिर के पास शुरू हुआ पुलिया का काम**

फिलहाल टू-लेन सड़क को फोरलेन में बदलने के लिए पुलिया चौड़ीकरण का काम चल रहा है। पिछले दो दिनों से मंदिर के उत्तर दिशा में पुलिया पर निर्माण शुरू हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ गई है। मंदिर पहले से ही सड़क से 8 फीट नीचे है और अब निर्माण कार्य सीधे मंदिर की बाउंड्री से सटाकर किया जा रहा है।

**हिंदू समाज और बस्तियों के लोगों ने जताया विरोध**-इस निर्माण के विरोध में सर्व हिंदू समाज के साथ मऊ रोड, सरदार पटेल बस्ती, तिलक बस्ती और टैगोर बस्ती के निवासी लामबंद हो गए हैं। लोगों ने नीमच विधायक को ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया है।

श्रद्धालुओं का कहना है कि यह मंदिर लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है और यहां बालाजी के अलावा भोलेनाथ, माता संतोषी, गणेशजी और साईं बाबा के भी मंदिर स्थित हैं।

**दूसरी तरफ खाली जगह का दिया हवाला**-क्षेत्रवासियों का तर्क है कि जिस तरफ पुलिया का विस्तार किया जा रहा है, उसके ठीक सामने काफी खाली जगह मौजूद है। यदि प्रशासन सड़क और पुलिया का निर्माण उस खाली स्थान की ओर करता है, तो मंदिर पूरी तरह सुरक्षित रहेगा और निर्माण में भी कोई तकनीकी समस्या नहीं आएगी।

> **प्रशासन को दी चेतावनी**
>
> भक्तों ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर की ओर हो रहे निर्माण को तुरंत रोका जाए और इसे दूसरी दिशा में शिफ्ट किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि प्राचीन मंदिर के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ किया गया, तो हिंदू समाज चुप नहीं बैठेगा और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## एक नजर में

### तपोभूमि पर मनाई संत शिरोमणि रविदास जंयती



**नीमच।** भाजपा अनुसुचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमति वंदना खंडेलवाल के मार्गदर्शन में भाजपा अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष रवि गोयल के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय तपोभूमि पर संत शिरोमणि रविदास जी जयंती मनाई गई इस अवसर पर नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, भाजपा अनुसुचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रवि गोयल ने संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यकरताओं को संबोधित किया इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य हेमंत हरित, महेंन्द्र भटनागर भाजपा जिला महामंत्री धनसिंह कैथवास, जिला उपाध्यक्ष, निलेश पाटीदार, आदित्य मालू, जिलामंत्री रोशन वर्मा, किरण शर्मा, मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह राणावत भाजपा अजा मोर्चा के राधेश्याम पंवार, दिनेश बनौधा, लाला कर्णिक, गिरधारी यादव, मोंटू सलोना, चंदन बनौधा, अमन भंरग, मनीष जयंत, पकंज यादव, इंदर जयंत व अन्य भाजपा पदाधिकारीगण उपस्थित रहें इसी कड़ी में अजा मोर्चा द्वारा मनासा विधानसभा में प्रभारी मोतीलाल मेघवाल के नेतृत्व में कुकड़ेश्वर तथा जावद विधानसभा में प्रभारी अशोक मेघवंशी व खेमराज रेगर के द्वारा रामनगर में संत रविदास जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित हुए।

### सांवरिया सेठ दरबार तक पैदल यात्रा 4 फरवरी को, पंजीयन आवश्यक नहीं

**नीमच।** विगत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री सांवरिया सेठ मंडफिया तक की पैदल यात्रा आगामी 4 फरवरी 2026 बुधवार को सुबह 8:30 बजे प्रारंभ होगी। नीमच से लगभग 90 किलोमीटर दूर पैदल चलकर मंडफिया धाम पर आस्था का सैलाब पहुंचेगा। विगत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सांवरिया भक्त मंडल द्वारा जोर शोर से पैदल यात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है। इस वर्ष सांवरिया सेठ की पैदल यात्रा इतिहास रचने जा रही है। सांवरिया भक्त मंडल के अरुल अरोरा गंगानगर ने बताया कि इस पैदल यात्रा को दिव्य और भव्य रूप देने के प्रयास किए गए है। चिकित्सा सुविधाओं के लिए मेडिकल टीम साथ चलेगी। पूरी यात्रा के दौरान भजन कीर्तन गायन सहित अन्य धार्मिक आयोजनों को लेकर बेहतरीन भजन गायकों को बुलाया गया है। जगह-जगह विभिन्न संगठन और समाजसेवियों द्वारा यात्रा का स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। यात्रा से एक दिन पूर्व 3 फरवरी मंगलवार को भव्य भजन संध्या का आयोजन रखा गया है जिसमें प्रख्यात भजन गायक छोटू सिंह रावणा अपनी प्रस्तुति देंगे। यह भजन संध्या नीमच में लायंस पार्क चौराहा के यहां शाम 7:30 से आयोजित की जाएगी। 4 फरवरी 2026 को पदयात्रा नीमच से शुरू होगी, राजस्थान के निम्बाहेडा कृषि उपज मंडी परिसर में पैदल यात्रा का पडाव होगा, निम्बाहेडा में रात्रि विश्राम के दौरान आकर्षक भजन संध्या का आयोजन होगा। अगले दिन 5 फरवरी 2026 को अलसुबह पैदल यात्रा शुरू होगी, जो दोपहर तक मंडफिया धाम पहुंचेगी। मंडफिया में भक्तों के भोजन के लिए विशाल भंडारा रखा गया है।

### नीमच से मंडफिया धाम तक दो दिवसीय पैदल यात्रा को लेकर विशेष बैठक आज

**नीमच।** श्री सांवरिया भक्त मंडल के तत्वावधान में श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत दो दिवसीय पैदल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह पदयात्रा 4 फरवरी को सुबह 8.30 बजे नीमच से प्रारंभ होकर सांवरिया सेठ धाम मंडफिया तक पहुंचेगी। पदयात्रा को अंतिम रूप देने एवं व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से आज सोमवार दोपहर 4.30 बजे श्री किलेश्वर महादेव मंदिर में एक विशेष बैठक आयोजित की गई है। बैठक में यात्रा मार्ग, ठहराव, भोजन, जल सेवा, चिकित्सा सहायता एवं भजन संध्या सहित विभिन्न सेवाओं को लेकर चर्चा की जाएगी। यात्रा के दौरान नीमच व निम्बाहेड़ा क्षेत्र में सेवा देने वाले सेवादारों को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। आयोजन मंडल ने सांवरिया सेठ के प्रति आस्था रखने वाले सभी श्रद्धालुओं व सेवा देने के इच्छुक सेवादारों से बैठक में उपस्थित होकर सहयोग करने का आग्रह किया है। आयोजकों के अनुसार यह पदयात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होगी, बल्कि आपसी सहयोग, सेवा और भक्ति भाव को भी सशक्त करेगी। जय सांवरिया सेठ के जयघोष के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### सिलाई, कृषि उद्यमी, औषधी खेती एवं बकरी पालन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन



**नीमच।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, नीमच द्वारा 4 फरवरी 2026 से सिलाई प्रशिक्षण (महिलाओ के लिए), 5 फरवरी से कृषक उद्यमी, 7 फरवरी से औषधि एवं सुगंधित पौधो की खेती एवं 10 फरवरी से बकरी पालन संबंधी निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। जिसके रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो चुके है। प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। प्रशिक्षण का लाभ केवल नीमच जिले के ग्रामीण अंचल की युवक / युवतियां जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच हो को मिलेगा। इन प्रशिक्षण में आवास, भोजन व नाश्ते की व्यव्स्था निःशुल्क रहेगी। प्रशिक्षण के दौरान इच्छुक प्रशिक्षणार्थीयों के लोन के फार्म भी प्रशिक्षण केंद्र पर ही भरे जाएंगे। उक्त जानकारी प्रबंधक आर.सेटी श्री सिद्धार्थ शंकर शर्मा ने देते हुए बताया, कि इच्छुक प्रशिक्षणार्थी 4 पासपोर्ट साईज फोटो एवं 3 सेट में आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, अंकसूची की छायाप्रति के साथ आवेदन भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हवाई पट्टी के सामने, विश्राम भवन के पास, चीताखेडा मेन रोड नीमच में जमा करा सकते है। संपर्क सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक, मो.न. 9111053516 पर कर, जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# नीमच में अजाक्स ने मनाई संत रविदास जयंती

▸ महेश जांगड़े नए जिलाध्यक्ष बने, पूर्व अध्यक्ष भी हुए सम्मानित; संत के आदर्शों पर चलने का संकल्प




**नीमच।** मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ ने नीमच-मनासा रोड स्थित एक निजी होटल में संत रविदास जयंती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संगठन की नई टीम का भी ऐलान किया गया। कार्यक्रम के दौरान महेश जांगड़े को अजाक्स का नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

समारोह में संगठन के नेतृत्व में बदलाव हुआ। निवर्तमान जिला अध्यक्ष यशवंत गोयल ने अपना कार्यकाल पूरा होने पर नए अध्यक्ष महेश जांगड़े को पदभार सौंपा। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने यशवंत गोयल के दो साल के सफल कार्यकाल की जमकर सराहना की और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। नए जिला अध्यक्ष महेश जांगड़े ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और सभी को साथ लेकर समाज की समस्याओं को सुलझाने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे।

> **संत रविदास के आदर्शों पर चलने का संकल्प**
>
> कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और माल्यार्पण के साथ हुई। मंच पर यशवंत गोयल, रमेश कदम, महेश जांगड़े, रविन्द्र सिंह अम्ब और राकेश जावरिया जैसे वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास जी ने हमेशा समानता और भाईचारे का रास्ता दिखाया। समाज को एकजुट रखने में महापुरुषों के विचार सबसे बड़ी शक्ति हैं। उपस्थित सभी सदस्यों ने समाज के कल्याण और विकास के लिए समर्पित भाव से काम करने का संकल्प लिया।

# बजट 2026 युवाओं के भविष्य के साथ समझौता, सपनों को नहीं मिला सहारा : मनमोहन सिंह

**नीमच।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026 को लेकर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनमोहनसिंह (मन्नू बन्ना) ने तार्किक और तथ्यात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट देश के युवाओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में पूरी तरह विफल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार हर मंच पर युवा शक्ति की बात तो करती है, लेकिन बजट में युवाओं के रोजगार, शिक्षा और भविष्य की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस विजन नजर नहीं आता।

मनमोहनसिंह ने कहा कि देश में लाखों युवा पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं, लेकिन बजट में स्थायी रोजगार सृजन को लेकर कोई स्पष्ट योजना सामने नहीं आई। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप, स्किल डेवलपमेंट और नई तकनीक के नाम पर केवल घोषणाएं की गई हैं, जबकि जमीनी स्तर पर युवाओं को न तो पर्याप्त प्रशिक्षण मिल रहा है और न ही वित्तीय सहयोग। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि बजट के बाद शेयर बाजार और आर्थिक संकेतों ने भी यह स्पष्ट कर दिया है कि युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने वाली अर्थव्यवस्था को मजबूती नहीं मिली। जब बाजार में स्थिरता और मांग नहीं होगी, तो नई नौकरियां कैसे पैदा होंगी शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव यह बताता है कि निवेशक भी दीर्घकालिक रोजगार को लेकर आश्वस्त नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं, संविदा कर्मचारियों और निजी क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं के लिए बजट में कोई विशेष राहत या सुरक्षा प्रावधान नहीं है। शिक्षा और रिसर्च के लिए भी अपेक्षित संसाधन नहीं बढ़ाए गए, जिससे आने वाले समय में युवाओं की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता कमजोर होगी। मनमोहनसिंह ने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन युवाओं की आय उसी अनुपात में नहीं बढ़ी। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और दैनिक जरूरतों की कीमतों का सीधा असर युवाओं की बचत और जीवनशैली पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब युवा खुद आर्थिक दबाव में होगा, तो वह देश की अर्थव्यवस्था को कैसे गति देगा। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि बजट 2026 युवा भारत की आकांक्षाओं को दिशा देने में नाकाम रहा है। युवा कांग्रेस इस बजट के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से युवाओं को जागरूक करेगी, ताकि आने वाले समय में नीतियां युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखकर बनाई जाएं, न कि सिर्फ आंकड़ों और प्रचार तक सीमित रहें।

# विश्वकर्मा जन्म महोत्सव में 162सामाजिक प्रतिभाओं का किया सम्मान




**नीमच।** भगवान विश्वकर्मा ने ही ब्रह्मांड में प्राचीन सृष्टि की रचना की थी वही तकनीकी विकसित होते होते आधुनिक भारत के रूप में आज हमारे सामने हैं। जांगिड ब्राह्मण समाज सामाजिक समरसता के साथ निरंतर प्रगति कर रहा है जो राष्ट्रीय एकता का परिचायक है। भगवान विश्वकर्मा की कुशाग्र तकनीकी कौशल कला ही आधुनिक विकसित भारत का प्रमुख आधार है।

यह बात विधायक दिलीप सिंह परिहार ने कही। वे जांगिड़ ब्राह्मण समाज जवाहर नगर नीमच के तत्वाधान में 49 वां श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ 127 जवाहर नगर नीमच जांगिड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला में खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेता उपविजेताओं को पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उद्योगों के विकास में उपकरण संयंत्र एवं औजारों का महत्वपूर्ण योगदान होता है जिनके विकास में जांगिड़ ब्राह्मण समाज का योगदान भी महत्वपूर्ण है इनके निरंतर अभ्यास और प्रयास से ही विकसित उद्योगों की स्थापना निरंतर हो रही है। समाज परिश्रमी और पुरुषार्थी है। समाज की प्रतिभाएं अब हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रही है जो सामाजिक एकता का प्रतीक है।

इस समाज के प्रगतिशील उद्योगपतियों से अन्य समाज ही नहीं पूरे देश के लोगों को प्रेरणा लेकर उद्योगों में आगे बढ़ना चाहिए। विश्वकर्मा समाज में श्रम की पूजा होती है। हर राष्ट्र के विकास में श्रम का महत्वपूर्ण योगदान होता है। सनातन हिंदू धर्म में घटती जनसंख्या चिंतन का विषय है संयुक्त परिवार ही समाज और राष्ट्र की प्रगति का प्रमुख आधार है। खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सतत प्रयत्नशील है। समाज की धर्मशाला के विकास के लिए जब भी सरकार की ओर से किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होगी तो सरकार सदैव सहयोग की भूमिका का निर्वहन करेगी।

क्षेत्र के युवाओं को रोजगार से जुड़ने के लिए नीमच में पायलट प्रशिक्षण केंद्र, मेडिकल कॉलेज और झंझारवाड़ा उद्योग की स्थापना की पहल की गई है शीघ्र ही खिलौना उद्योग का विकास भी किया जाएगा समाज की प्रतिभाओं को सम्मान करना समाज की प्रगति में महत्वपूर्ण कड़ी है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती ने कहा कि समाज में मकान बनाना हो या लोहे का कोई निर्माण कार्य करवाना हो तो विश्वकर्मा समाज इसमें अग्रणी भूमिका में रहता है जो राष्ट्र विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान है।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर किया गया। जांगिड़ ब्राह्मण समाज नीमच के अध्यक्ष सुरेश शर्मा, महामंत्री प्रवीण शर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि जन्म महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में जांगिड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला भवन में बालक एवं महिलाओं के सभी आयु वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें समाज के बालिकाओं महिलाओं बच्चों ने अपार उत्साह के साथ सहभागिता निभाई। प्रतियोगिताओं में विजेता उपविजेताओं को समाज की ओर से पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे विश्वकर्मा जन्म महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान गायत्री मंदिर के सामने नीमच पर दौड़,व स्लो साइकिल रेस स्लो स्कूटी रेस सहित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई।



# 'वन स्टॉप सेन्टर सखी ने सार्थक किया महिला की सुरक्षा व सम्मान'

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं एडीएम बी.एस.कलेश के निर्देशन में भारत सरकार द्वारा स्वीकृत वन स्टॉप सेन्टर (सखी) नीमच का संचालन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने बताया, कि महिला (परिवर्तित नाम) मनीषा को विवाह के 15 वर्ष पश्चात संतान की प्राप्ति हुई।

प्रसव के समय महिला के मस्तिष्क की कोई नस दब गई, जिससे उसके मस्तिष्क में रक्त का थक्का जमने लगा ओर ट्युमर को निकालने के लिये महिला के सिर का ऑपरेशन करवाया, तो चेकअप के लिये परिवर्तित नाम हरीश (पति), मनीषा को लेकर अहमदाबाद गया मनीषा ऑपरेशन के पश्चात चीजें, व्यक्ति भूलने लगी, चेकअप के बाद अहमदाबाद से मंदसौर वापस लौटते समय एक होटल पर शौच करने बस से उत्तरी और वह हरीश से बिछड गई। वहाँ से गुमशुदा हो गई। मनीषा अँधेरे में गलत रास्ते पर चली गई। हरीश व उसके परिजनों द्वारा मनीषा को बहुत ढूँढा परन्तु मनीषा नही मिली, तो हरीश व उसके परीजनों ने मनीषा के गुमशुदा होने की खबर सोशल मीडिया और पुलिस थाना मंदसौर में की। मनीषा नीमच शहर में भटकते हुए पुलिस प्रशासन को मिली तो महिला मनीषा को सुरक्षा की दृष्टि से वन स्टॉप सेन्टर नीमच के अस्थाई आश्रय में रखा गया।

महिला मनीषा को वन स्टॉप सेन्टर सखी से परामर्श सहायता, आश्रय सहायता, पुलिस सहायता, चिकित्सा सहायता दी गई। मनीषा ने काउंसलर द्वारा घटना के संबंध में पूछे जाने पर कुछ भी बता पाने में असमर्थता जताई। वन स्टॉप सेन्टर सखी की प्रभारी प्रशासक श्रीमती दिपिका नामदेव एंव उनकी टीम व पुलिस प्रशासन के सहयोग से महिला मनीषा के परिवार का पता लगाया गया।

**एक नजर** ▸ आर्यिका माताजी के ससंघ की धर्म सभा में उमड़े समाजजन

# बच्चों में नैतिक संस्कारों के बिना सभ्य नागरिक का निर्माण नहीं हो सकता है : आर्यिका विज्ञाश्री माताजी

**नीमच।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर नीमच में प्रातः काल अभिषेक शांतिधारा के तत्पश्चात परम पूज्य भारत गौरव आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जैन धर्म शास्त्रों के अनुसार 8 साल तक के बच्चों की जिम्मेदारी उनके माता-पिता पर होती है।

यदि 8 साल तक का बच्चा कोई पाप पुण्य करता है तो उसका फल माता-पिता को जाता है इसलिए 8 साल तक के छोटे बच्चों को माता-पिता द्वारा धार्मिक नैतिक संस्कार सीखाना चाहिए ताकि बच्चा बड़ा होकर होकर सुसंस्कारित नागरिक बन सके। माता-पिता ऐसा कोई भी कार्य नहीं करें जिसे देखकर बच्चे गलत दिशा में आगे बढ़े, माता-पिता वही अच्छे कार्य करें जिसे देखकर बच्चे अच्छे और संस्कारी व्यक्तित्व वाले व्यक्ति बन सके। बच्चों के बचपन में नैतिक संस्कारों के बिना सभ्य नागरिक का निर्माण नहीं हो सकता है यह बात संतान परिवार की नहीं पूरे राष्ट्र की संपत्ति होती है। संतान यदि अच्छे कार्य करती है तो पूरे राष्ट्र का गौरव बढ़ाती है। बुरे पाप कर्म करती है तो पूरे राष्ट्र का गौरव कम होता है। परिवार की अच्छी और सच्ची विरासत संतान ही संपत्ति होती है। लड़का कूल का दीपक होता है। लड़की लक्ष्मी होती है। लड़का एक कूल का नाम रोशन करता है लड़कियां दो कूल का नाम रोशन करती है। भारतीय संस्कृति में लक्ष्मी सरस्वती दुर्गा तीनों ही महिला होती है। ज्ञान दर्शन चरित्र के संस्कारों से परिवार में शांति रहती है। बेटी को संस्कारों के साथ गुण लक्ष्मी होने के नैतिक संस्कार सिखाए तो वह सच्ची धनलक्ष्मी कहलाएगी। लक्ष्मी पहले खिलाती है फिर स्वयं खाती है। लड़कियां रक्षाबंधन पर भाई को रक्षा सूत्र बांधती है। दीपावली पर बहू लक्ष्मी पूजन करती है इसलिए श्रीमती कहलाती है।

महाभारत काल में द्रोपती के पास एक कटोरा था जिससे वह लाखों लोगों को रोज भोजन कराती थी उसके बाद स्वयं भोजन करती थी। माता-पिता बच्चों को अच्छे संस्कार दे तो संतान राम और श्रवण कुमार की जैसे संस्कारी बन सकती है। प्राचीन काल में श्रवण कुमार ने अपने माता-पिता को चारों धाम तीर्थ की यात्रा करवाई थी मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने पिता की आज्ञा मानने के लिए वनवास को स्वीकार किया था। जिस प्रकार कुम्हार मिट्टी को पीट-पीट कर पक्का मटका बनाता है इस प्रकार हमें बच्चों को उसकी गलती को सुधारने के लिए डांट फटकार भी लगाना चाहिए ताकि वह सोने की तरह तप कर कुंदन बन जाएगा और एक दिन परिवार और राष्ट्र का नाम रोशन करेगा।

बच्चों को सुसंस्कारी बनाने के लिए माता-पिता को स्वयं भी सुसंस्कारी बनना होगा क्योंकि बच्चे जैसा देखते हैं वैसा जल्दी सीखते हैं। बच्चों को मोबाइल और टीवी देखते समय कभी भी भोजन नहीं करना चाहिए इससे पाप कर्म बढ़ता है और पुण्य कर्म घटता है। बच्चों को निर्धन असहाय और मंदिर में प्रतिदिन 1 का सिक्का दान करने की प्रवृत्ति का संस्कार बचपन से ही सीखाना चाहिए ताकि वह बड़ा होकर दान पुण्य करता रहे और दीन दुखियों की भलाई के कार्य करता रहे।

धर्म सभा में आर्यिका ज्ञेम्याश्री, ज्ञापकश्री, ज्ञेयश्री, छुल्लिका विज्ञप्ति श्री आदि का सानिध्य मिला। अध्यक्ष विजय जैन बोर्कर्स ने बताया की आर्यिका माताजी ससंघ बही पारसनाथ से जयपुर की ओर प्रस्थान कर रहा है। जयपुर जाते समय नीमच में प्रवास किया गया है। आज सुबह 9 बजे दिगंबर जैन मंदिर सभाकक्ष भवन में प्रवचन होंगे। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष विजय जैन ब्रोकर्स, उपाध्यक्ष जयकुमार बज, महिला मंडल अध्यक्ष चमेली शाह, आभा विनायका, सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

> **सुसंस्कारों के बिना मोक्ष गति भी नहीं**
>
> सुसंस्कारों के बिना मोक्ष गति भी नहीं मिल सकती है। आधुनिक युग की महिलाएं स्वयं किटी पार्टी को छोड़कर धार्मिक स्वाध्याय में समय व्यतीत करें तो उनके जीवन का भी कल्याण हो सकता है। *ब्र. निशु दीदी* ने बताया की शाम को 6:30 बजे आनंद यात्रा प्रश्न मंच का आयोजन किया गया जिसमें कई बच्चों ने उत्साह के साथ सहभागिता निभाई। और कई बच्चों ने सही उत्तर बताया कर पुरस्कार भी प्राप्त किया।